दिनांक: 09.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को सीने में दर्द और बेचैनी की शिकायत के बाद कल रात नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के अनुसार, श्री धनखड़ की हालत फिलहाल स्थिर है।

---

राज्य विधानसभा में कल राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर के वार्षिक प्रतिवेदन, सदन में रखे जाएंगे। पशुपालन और डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ये प्रतिवेदन रखेंगे। इसके अलावा उद्योग तथा वन एवं पर्यावरण विभाग की अनुदान मांगों पर विचार और मतदान होगा। वहीं विभिन्न याचिकाएं प्रस्तुत की जाएंगी।

---

प्रदेश में अब 50 से अधिक विद्यार्थियों वाले कोचिंग संस्थानों को कानूनी दायरे में लाया जाएगा। ये कदम इनमें पढ़ रहे विद्यार्थियों को मानसिक संबल और सुरक्षा देने के उद्देश्य से उठाया गया है। इस प्रस्ताव की स्वीकृति कल मंत्रिमंडल की बैठक में की गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक के निर्णयों की जानकारी उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा और संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने कल शाम मीडिया को दी। डॉ. बैरवा ने बताया कि कोचिंग संस्थानों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए राजस्थान कोचिंग इंस्टीट्यूट्स कंट्रोल एण्ड रेग्यूलेशन ऑथोरिटी का गठन किया जाएगा। हर कोचिंग संस्थान को रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा।
उपमुख्यमंत्री ने बताया कि केन्द्र सरकार की तर्ज पर राज्य सरकार के कर्मचारियों को एक जनवरी से बढ़ी हुई ग्रेच्यूटी का लाभ दिया जाएगा।
संसदीय कार्यमंत्री ने बताया कि मंत्रिमंडल की ओर से राज्य कौशल नीति का अनुमोदन किया गया है। इसके तहत औद्योगिक क्षेत्रों की मांग के अनुसार युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस नीति के माध्यम से आईटीआई को उन्नत कौशल केन्द्रों के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के सभी कार्यालयों में दिव्यांगजन के लिए समान अवसर नीति लागू होगी।

---

वनरक्षक भर्ती परीक्षा 2020 पेपर लीक मामले में ईनामी और मुख्य आरोपी हरीश सारण को इंदौर से गिरफ्तार किया गया है। एटीएस और एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वी.के. सिंह ने बताया कि पिछले साल 30 जून को बांसवाडा के राजतलाब में वन रक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की जानकारी मिलने पर मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि इसके बाद से ही आरोपी हीराराम उर्फ हरीश सारण फरार चल रहा था।

---

होली का त्यौहार नजदीक आने के साथ ही प्रदेशभर में तैयारियां की जा रही हैं। फागोत्सव में लोगों का उल्लास नजर आ रहा है। राजधानी जयपुर में आज से गलता तीर्थ पर फागोत्सव की शुरूआत हुई। देवस्थान विभाग की ओर से हो रहे इस उत्सव में कीर्तन, महाआरती और विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गई हैं।
जैसलमेर के गोविन्दसर गिरिराज जी में होरी रसिया और फाग गायन हो रहा है। डीग में आज से दो दिन का बृज होली महोत्सव हो रहा है। उधर, भरतपुर में कल निकलने वाली शोभायात्रा की तैयारियां की जा रही हैं। झुंझुनूं सहित विभिन्न जिलों में पुलिस फ्लैग मार्च कर शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से होली मनाने का संदेश दे रही है।

---

प्रदेश में सुबह शाम ठंडक का असर भी अब धीरे–धीरे कम हो रहा है। दिन का तापमान बढ़ने और धूप में तेजी से हल्की गर्मी का अहसास होने लगा है। हालांकि रात के समय मामूली ठंड का असर बना हुआ है। बीते 24 घंटों में बाड़मेर में दिन का पारा 38 डिग्री सेल्सियस के पार रिकॉर्ड किया गया। चित्तौडगढ, डूंगरपुर, जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर, जालौर और पाली सहित कई जगह दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर सहित कई शहरों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहा। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार अगले चार–पांच दिन मौसम साफ रहने की संभावना है। धुलंडी और उसके अगले दिन श्रीगंगानगर और हनुमानगढ जिले में बादल छाने के आसार हैं।

-----------------------------------------------------------

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट का फाइनल मुकाबला आज भारत और न्यूजीलैंड के बीच होगा। दुबई में होने वाला ये मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर ढाई बजे से शुरू होगा। आज होने वाला फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक होने की उम्मीद है। इसमें भारत की मजबूत बल्लेबाजी का सामना न्यूजीलैंड के अनुभवी और आक्रमक गेंदबाजों से होगा। भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में अभी तक कोई मैच नहीं हारी है। भारत ने लीग चरण में बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड पर प्रभावशाली जीत के बाद सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर रोमांचक जीत दर्ज की।

-----------------------------------------------------------